सार-समाचार

कठपुतली नहीं बनेंगे युवा : शेखावत

जोधपुर, (कासं)। एक डिजिटल मार्केटिंग कंपनी द्वारा सोशल मीडिया इंफ्यूएंसर्स के माध्यम से जोधपुर के नए एयरपोर्ट टर्मिनल को लेकर सोशल मीडिया पर निगेटिव कैंपेन चलाने की तैयारी पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के फॉल्स नरेटिव गढ़ने का षड्यंत्र देश और विकास, दोनों ही एजेंडों को बाधित करता है। गुरुवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के दुष्प्रचार से सोशल मीडिया की क्रेडिबिलिटी तार-तार होती है। ऐसी चीजों का खंडन भी हो और यह विषय जनता के संज्ञान में भी लाया जाए, यह मेन स्ट्रीम मीडिया की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग बेनकाब हों और देश और दुनिया के सामने ऐसे लोगों का षड्यंत्र ठीक से प्रदर्शित हों, यह हम सब की जिम्मेदारी है। केंद्रित मंत्री गजेन्द्र शेखावत ने कहा कि पिछले 12 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईमानदारी से योजनाओं को धरातल पर उतारने की वजह से जो परिवर्तन आया है, उसे पूरा विश्व देख रहा है। शेखावत ने कहा कि पूरा विश्व इस बदली हुई परिस्थिति में भारत की तरफ एक आशा के दृष्टिकोण और नए विश्वास की नजर से देख रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत आर्थिक, सैन्य दृष्टि के साथ-साथ अन्य दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर होते हुए विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सब भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में चुने हुए प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लंबे समय तक काम करने के दौरान नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की स्पष्ट नीति का परिणाम रहा है।

बाप में बटुक भैरव जयंती तैयारी शुरू

फलोदी, (कासं) । फलोदी जिले की बटुक भैरव नगरी से विकसित बाप शहर के ऐतिहासिक मेघराजसर तालाब पर स्थित चमत्कारी बटुक भैरुनाथ बाबा की जयंती 24 जून को आयोजित होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजन को लेकर गांव वाशियो में उत्साह हे । आयोजन तैयारियों में बाप के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओ द्वारा भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारियों में कमेटी का गठन कर सोसल मीडिया से लेकर पोस्टर , पेपलेट वितरण की तैयारियों की गई है। भैरुनाथ बाबा की जयंती के दिन दर्जनों कार्यक्रम का आयोजन होगा। जहां सुबह से शाम तक मंदिर प्रागण में तेल अभिषेक पाठ, स्मृति , चालीसा, चेतना मंत्र ,धूप यज्ञ ,भक्ति सरिता ,महा आरती व रात्रि भव्य जागरण के साथ प्रसादी का आयोजन होगा । मंदिर में यजमान द्वारा अभिषेक किया जाएगा। वही बीकानेर के नामी भैरव बाबा पंडित द्वारा पूजन कार्य विधिवत करवाया जाएगा। भैरव नगरी में जयंती के दिवस बाजार , तालाब , मंदिर को पुष्प, रोशनी से जगमगाया जाएगा । पूर्व में लगातार 11 बार पुजारी नरेश शर्मा द्वारा पहल कर जन सहयोग से हर्षौल्लास के साथ जयंती मनाई जाती है, जो इस बार भी भव्य मनाई जाएगी । पुजारी नरेश शर्मा ने बताया कि जयंती को लेकर गांव वाशियो के सहयोग से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाती है। इस वर्ष भी जागरूक व्यक्तियों के साथ जयंती मनाई जाएगी । जयंती का भक्तों के लिए बहुत शुभ होता है। भक्तों के जीवन में जयंती की पूजा अर्चना को अति सुख समृद्धि माना गया है।

खाद बीज विक्रेता दुकानें बंद रखेंगे

फलोदी, (निसं) । फलोदी जिले में तथाकथित किसान संघ के नाम पर नेतागिरी कर खाद बीज विक्रेताओं को परेशान करने को लेकर आक्रोशित खाद बीज विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष राहुल चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को कृषि विभाग के जिला कार्यालय में ज्ञापन सौंप अनिश्चितकालीन बंद का आव्हान किया गया है। ज्ञापन में बताया कि कुछ तथाकथित किसान नेताओं द्वारा फलोदी खाद बीज व्यापार संघ की छवी धूमिल की जा रही है, वो संघ द्वारा किसी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कुछ तथाकथित व्यक्ति किसान नेता बनकर व्यापारियों को परेशान व धमकी देकर प्रताडति कर रहे हैं। जब तक हमारे साथ ये खेल होता रहेगा तब तक फलोदी खाद बीज व्यापार संघ अनिश्चितकालीन हडताल पर रहेगा। इस दौरान किसानों को होने वाली परेशानी के लिए ये तथाकथित किसान नेता व किसान स्वयं जिम्मेवार होंगे। विभाग द्वारा सेल स्टॉप (बिक्री रोक) तक की गई कार्यवाही से ऊपर बढकर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होगी। अगर कृषि विभाग संघ के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगा, तो किसानों की असुविधा का जिम्मेदार कृषि विभाग होगा। फलोदी खाद बीज विक्रेता संघ हमेशा किसानों के हित में कार्य करता रहा है व आगे भी सदैव किसानों के हित में कार्य करता रहेगा। किसी भी दशा में संघ स्वयं व किसानों के साथ कभी गलत नहीं होने देगा। संघ सदैव किसान हित सर्वोपरी रखेगा।

पक्षियों के लिए1097 परिंडे लगाए

जालोर, (कासं)। भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए रूप सिंह राठौड नारणावास द्वारा संचालित 'परिंडे लगाओ पक्षी बचाओ अभियान' के तहत राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने नारणावास में मिट्टी के परिंडे लगाए। अप्रैल 2026 से अब तक इस अभियान के तहत 1097 परिंडे स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पेडों परिंडे बांधकर उनमें पानी भरा। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण हमारा संकल्प है। नन्हे जीवों के लिए जल की व्यवस्था कर हम सेवा, संवेदना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। आइए, मिलकर जीवों के प्रति करुणा और प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पक्षी प्रकृति की शान हैं। जल है तो जीवन है, और ये बेजुबान भी उसी जल के हकदार हैं। उन्होंने रूप सिंह राठौड के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति के घटकों के संरक्षण के लिए ऐसे अभियानों का बहुत महत्व है। ऐसे अभियानों से लोग प्रेरणा लेकर अपने घरों, सार्वजनिक स्थानों और जंगलों में परिंडे लगाते हैं और उनमें नियमित जल भरते हैं। अभियान संचालक रूप सिंह राठौड ने बताया कि गर्मी में हर साल हजारों पक्षी पानी के अभाव में दम तोड देते हैं। एक परिंडा रोज सैकडों पक्षियों की जान बचा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से घर-आंगन और खेतों में परिंडे लगाने और रोजाना पानी भरने की अपील की।

सांसद कंगना ने मोदी की तारीफ की

जोधपुर, (कासं)। फिल्म अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कहा कि उनके नेतृत्व में देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। वे दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। अपनी आने वाली फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रीमियर के लिए गुरुवार को कंगना जोधपुर पहुंची। एयरपोर्ट पर मीडिया से संक्षिप्त बातचीत के दौरान कंगना ने कहा कि दुनिया जब युद्ध से ठास्त है, तब भी भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। प्रधानमंत्री को दुनिया सबसे ज्यादा रेटिंग दे रही है। उन्होंने इसे उनके नेतृत्व की शुरुआत बताया और आने वाला दशक देखने की उम्मीद जताई। कंगना ने अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के बारे में बताया कि इसके प्रेरणा स्त्रोत देश के वे हजारों भाई-बहन कर्मचारी हैं, जो दिन-रात देश को बनाने में जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म का ठौंड प्रीमियर जोधपुर में रखा गया है। अभिनेता जॉन अब्राहम को फिल्म का टाइटल देने के लिए उन्होंने धन्यवाद दिया। एयरपोर्ट से कंगना सीधे सिनेमा हॉल के लिए रवाना हो गईं जहां प्रीमियर आयोजित किया गया। बता दे कि पूर्व में कंगना रनौत 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थन में जोधपुर आई थीं। उस समय उन्होंने सर तन से जुदा जैसे मुद्दों पर बात की थी। जोधपुर के अलावा उन्होंने बाड़मेर और पाली में भी चुनाव प्रचार किया था।

सत्येन्द्रसिंह सीमावर्ती लोगों से होंगे रूबरू

जैसलमेर, (नि.सं.)। जोधपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक सत्येन्द्रसिंह द्वारा पुलिस थाना तनोट में कल 13 जून को सुबह 10 बजे जनसुनवाई के माध्यम से सीमावर्ती लोगों से संवाद कर जन समस्या सुनी जाकर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। तत्पश्चात बोर्डर का भ्रमण करेंगे एवं सीमा सुरक्षा बल के जवानों एवं अधिकारियों से संवाद कर उनका हौसला अफजाई करेंगे। सभी सीमावर्ती लोगों से अपील हैं कि जनसुनवाई कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा शरीक होकर सहभागिता अदा करें।

अवैध बजरी से भरा डंपर पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। पाली रोड पर खनिज विभाग ने नाकाबंदी में अवैध बजरी से भरा डंपर को जब्त किया। चालक के खिलाफ माइनिंग एक्ट में रिपोर्ट दी गई। विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि खनिज विभाग के कार्यदेशक कपिल स्वामी ने मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया कि 9 जून की अलसुबह उन्होंने विभागीय नाकेबंदी के समय पाली रोड पर काठियाडी होटल के सामने बजरी से भरा डम्पर लेकर जा रहे एक शख्स को पकड़ा। वह बजरी के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर उसे नामजद किया। विवेक विहार पुलिस ने धवा डोली निवासी गुमानराम के खिलाफ माइनिंग एक्ट में प्रकरण बनाया।

तहसीलदार पर वकीलों ने धमकी व बदसलूकी के आरोप जड़े

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। वकीलों के अनुसार प्रशासनिक कुर्सी के रसूख के दम पर रानीवाड़ा तहसील कार्यालय इन दिनों भ्रष्टाचार और नियम-विरुद्ध कारनामों का मुख्य अड्डा बन चुका है। आम जनता तो दूर, अब न्याय के रक्षक यानी अधिवक्ता भी यहां के तहसीलदार हनुवंतसिंह देवड़ा के अड़ियल और भ्रष्ट रवैये से सुरक्षित नहीं हैं। तहसील परिसर में दलाल सिस्टम इस कदर हावी है कि बिना चढ़ावे के वैध फाइलें भी रद्दी के ढेर में डाल दी जाती हैं, जबकि भ्रष्टाचार की मलाई के दम पर नियम-कानूनों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस तानाशाही के खिलाफ अब रानीवाड़ा बार एसोसिएशन ने पूरी तरह से मोर्चा खोल दिया है।

मामला तब गरमा गया जब अधिवक्ता प्रवीण कुमार बिश्नोई 10 जून 2026 को एक पक्षकार की पुनर्अवलोकन प्रार्थना पत्र की फाइल लेकर तहसीलदार कार्यालय की उप-पंजीयक शाखा पहुंचे। वहां मौजूद तहसीलदार हनुवंतसिंह देवड़ा ने प्रार्थना पत्र लेने से साफ मना कर दिया। जब अधिवक्ता ने नियमसंगत तरीके से प्रार्थना पत्र लेने का आग्रह किया, तो तहसीलदार अपना आपा खो बैठे। उन्होंने न केवल गरिमा की सीमाएं लांघी, बल्कि अधिवक्ता को धमकी देते हुए कहा, ''मेरी राजनीतिक पहुंच बहुत ऊपर तक है, तुम यहां से भाग जाओ... नहीं तो पुलिस में मुकदमा दर्ज कराकर तुम्हें जेल भिजवा दूंगा।'' इतना ही नहीं, पक्षकार द्वारा इस पूरी घटना का वीडियो बनाने पर भी तहसीलदार भड़क गए।

नियमों के मुताबिक किसी भी अधिकारी की तैनाती उसके गृह जिले में नहीं होनी चाहिए, लेकिन तहसीलदार देवड़ा जालोर जिले के ही मूल निवासी होने के बावजूद लंबे समय से इसी जिले में पदस्थापित हैं। वकीलों का आरोप है कि इसी स्थानीय राजनीतिक रसूख और ऊपर तक सेटिंग के घमंड में चूर होकर तहसीलदार लगातार नियम-विरुद्ध कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।

इस अभद्र व्यवहार और दलालों के बढ़ते दखल के विरोध में 11 जून 2026 को बार एसोसिएशन रानीवाड़ा की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसमें तहसीलदार के इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की गई।

इसके बाद बार संघ के अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह देवड़ा के नेतृत्व में वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल उपखंड अधिकारी सुनील कुमार से मिला और राजस्व मंडल अजमेर के नाम एक कड़क ज्ञापन सौंपा।

बार संघ के अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह देवड़ा के साथ अधिवक्ता प्रवीण कुमार बिश्नोई, जबरा राम पुरोहित, जानूराम, मोहन लाल, पुखराज बिश्नोई, नारायण सिंह करनोत, अमृत कटारिया, रमेश सैन, रमेश गर्ग, भोपाल सिंह, केसरदान, जगदीश सिंह, ललित पुरोहित सहित बार एसोसिएशन के तमाम सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

तहसीलदार हनुवंतसिंह देवड़ा को उनके गृह जिले जालौर से अविलंब हटाया जाए। नियमों के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों और तहसील में सक्रिय दलाल सिस्टम की उच्च स्तरीय जांच हो। अधिवक्ता के साथ की गई बदसलूकी और धमकी के मामले में दंडात्मक कार्रवाई की जाए। वकीलों ने साफ अल्टीमेटम दिया है कि यदि इस तानाशाह और भ्रष्ट कार्यप्रणाली पर तुरंत लगाम नहीं कसी गई, तो बार एसोसिएशन उठा आंदोलन और न्यायिक कार्यों के बहिष्कार के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

बार एसोसिएशन रानीवाड़ा के अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह देवड़ा के नेतृत्व में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को राजस्व मंडल अजमेर के नाम ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

हाईकोर्ट में अब हर केस के स्थगन की होगी गिनती

जोधपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यायिक कार्यवाही में पारदर्शिता और लंबित मामलों की प्रभावी निगरानी के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी स्थायी आदेश के अनुसार अब प्रत्येक मामले में दिए गए स्थगनों की संख्या अलग से दर्ज की जाएगी और इसे कॉज लिस्ट में भी प्रदर्शित किया जाएगा।

आदेश में बताया गया है कि यह व्यवस्था 14 मई 2026 को ओमप्रकाश बनाम राज्य सरकार में पारित न्यायालय के निर्देशों की पालना में लागू की जा रही है। इसके तहत अपीलकर्ता, याचिकाकर्ता, आवेदक, प्रतिवादी अथवा अन्य कारणों से हुए स्थगनों का रिकॉर्ड विशेष सॉफ्टवेयर में संधारित किया जाएगा।

हालांकि नॉट रीच श्रेणी वाले मामलों को स्थगन की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। सभी न्यायिक शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एकमुश्त अभ्यास के रूप में प्रत्येक प्रकरण में अब तक हुए स्थगनों की संख्या सॉफ्टवेयर में दर्ज करवाएं। साथ ही सूचीबद्ध किए जाने वाले हर मामले में स्थगन संबंधी विवरण अपडेट रखना अनिवार्य होगा।

लूणी के लोगों का पानी के लिए जोधपुर में प्रदर्शन

जोधपुर, (कासं)। नहर बंदी समाप्त होने के पंद्रह दिन भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्थिति में सुधार अब तक नहीं हो पाया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। लोगों को अब भी पानी के टैंकर खरीद कर पानी पीने का मजबूर होना पड़ रहा है। जलदाय विभाग कायलाना और तख्त सागर की भराव क्षमता को पूरी तरह बढ़ाने के बाद पेयजल स्थिति में सुधार की आस लगाए बैठा है, मगर आमजन का पेयजल के बिना जीना दुश्वार सा हो गया है।

बुधवार को लूणी तहसील के कई ग्रामीण सुबह कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। लोगों मटकियां फोड़ कर रोष जाहिर किया। बाद में जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन भी दिया गया।

ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे गौतम सिंह ने कहा कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीण महीनों से पेयजल के लिए परेशान हैं। कई गांवों में नियमित जलापूर्ति नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को दिए ज्ञापन में प्रभावित गांवों के लिए स्थायी पेयजल परियोजना की लिखित कार्ययोजना और समय-सीमा सार्वजनिक करना, स्थायी व्यवस्था होने तक प्रत्येक प्रभावित परिवार को निशुल्क टैंकर जलापूर्ति अथवा प्रतिमाह दो हजार रुपये जल विफलता मुआवजा देना, 24 घंटे डिजिटल हेल्पलाइन एवं टैंकरों की जीपीएस ट्रैकिंग व्यवस्था लागू करना तथा तीसरे पक्ष से भौतिक सत्यापन और ऑडिट करवाना शामिल है। गौतम सिंह का कहना है कि ग्रामीणों को योजनाओं की प्रगति और जलापूर्ति व्यवस्था की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है।

जालोर में कांग्रेसजनों ने 'मोहब्बत का शरबत' पिलाया

जालोर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि मनाई। फोटो : राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान केसरी के नाम से विख्यात स्वर्गीय राजेश पायलट जी की 26वीं पुण्यतिथि पर जालौर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं मोहब्बत का शरबत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अमीन मोयला ने बताया कि देश में बढ रही धार्मिक और सामाजिक वैमनस्यता के माहौल के बीच आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से आमजन को मोहब्बत का शरबत पिलाया गया तथा भीषण गर्मी में राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजेश पायलट जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया तथा उनके किसान, गरीब और आमजन हितैषी योगदान को स्मरण किया। एआईसीसी सदस्य जितेंद्र कसाना, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव, कामिनी शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष जाकिर खान रंगरेज अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश संयोजक रज्जब खान खोखर, एव सलीम मोयला इकबाल खान कोटवाल, एससी विभाग प्रदेश सचिव सुरेश मेघवाल, आरपीजीआरएस जिला महासचिव पुखराज माली, एनएसयूआई जिला महासचिव समीर हाडा, जिला सचिव कयूम हाडा, युवा नेता चारुल शर्मा, रज्जाक मोयला, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष फकरुद्दीन मेहर, बंसी माली मुस्ताक खान पार्षद जगदीश कुमार, टैक्सी यूनियन जिलाध्यक्ष अंबालाल माली, श्रवण कुमार, मुख्तियार नागौरी, इरफान, जमील खान , मोंटू हाडा मोहसिन खान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने देश में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

पोकरण में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू, शोभायात्रा निकाली

पोकरण, (निसं)। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर स्थित अंजनी माता गौशाला, सालम सागर हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण एवं ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को भव्य शोभायात्रा, कलश यात्रा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अदभूत संगम देखने को मिला। बडी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने आयोजन में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

कथा प्रारंभ होने से पूर्व सुबह श्रद्धालुओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर श्रीमद्भागवत महापुराण की स्थापना की गई तथा संत तारा देवी व्यास का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भजन-कीर्तन, धार्मिक जयघोष और ढोल-नगाडों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा स्थल पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर श्रीमद्भागवत कथा पुराण का शुभारंभ किया गया। व्यासपीठ पर विराजमान संत तारा देवी व्यास ने प्रथम दिवस की कथा में श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला दिव्य ज्ञान का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य को सत्य, प्रेम, करुणा, भक्ति और सदाचार का संदेश देती है तथा जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा प्रदान करती है। संत तारा देवी ने कहा कि वर्तमान समय में भौतिक सुख-सुविधाओं के बीच मनुष्य मानसिक अशांति और तनाव से घिरता जा रहा है। ऐसे समय में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण व्यक्ति के मन को शांति, संतोष और आत्मिक बल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति ही जीवन का वास्तविक आधार है और कथा श्रवण के माध्यम से व्यक्ति भगवान के प्रति अपनी आस्था को और अधिक मजबूत बना सकता है। कथा के दौरान संत तारा देवी ने पुरुषोत्तम मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मास भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इस मास में किए गए जप, तप, दान, पूजा-पाठ, व्रत और कथा श्रवण का सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास की एकादशी विशेष रूप से पुण्यदायी मानी जाती है तथा यह दुर्लभ संयोग तीन वर्ष में एक बार प्राप्त होता है। इसलिए प्रत्येक श्रद्धालु को इस अवसर का लाभ उठाते हुए धर्म-कर्म एवं सत्संग में भाग लेना चाहिए।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आ ान करते हुए कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य केवल कथा सुनना नहीं, बल्कि उसके संदेशों को जीवन में उतारना है। जब व्यक्ति कथा के आदर्शों को अपने व्यवहार में शामिल करता है, तभी उसका जीवन वास्तव में धन्य बनता है। कथा के प्रथम दिवस बडी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तथा श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण किया। कथा स्थल पर दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल व आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास, सत्यनारायण पुरोहित एडवोकेट, गणेश सेन, पप्पू महाराज, नवनारायण जोशी, पार्षद दिनेश व्यास, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बालोतरा में बिजली, पानी, सड़क व फसल बीमा के लिए आरएलपी का प्रदर्शन

बालोतरा, (निसं)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने गुरुवार को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बिजली, पेयजल, सडक, फसल बीमा सहित अन्य मुद्दों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व आरएलपी के वरिष्ठ नेताओं थानसिंह डोली, ताजाराम एवं मगाराम ने किया। इस दौरान जिलेभर से आए सैकडों कार्यकर्ता धरने और प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति बदहाल है, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है तथा कई सडकें लंबे समय से जर्जर हालत में पडी हैं।

प्रदर्शनकारियों ने किसानों की फसल बीमा संबंधी समस्याओं का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा और बीमा क्लेम का भुगतान नहीं मिल रहा है। इसके अलावा रोजगार, चिकित्सा एवं जनसुविधाओं से जुडे अन्य मुद्दों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए आरएलपी नेताओं ने कहा कि यदि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो पार्टी आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने सरकार पर आमजन और किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार विरोधी नारों के बीच प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

शेखावत ने संत अडग़ड़ानंद का आशीर्वाद लिया

जोधपुर, (कासं)।केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज दिल्ली से अल्प प्रवास पर अपने गृह नगर जोधपुर पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर आगमन के पश्चात उन्होंने ओसियां स्थित श्री परमहंस आश्रम पहुंचकर संत अडग़ड़ानंद महाराज के दर्शन किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर शेखावत ने संत अडग़ड़ानंद महाराज से राष्ट्र की प्रगति, जनकल्याण तथा समस्त देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अडग़ड़ानंद महाराज मानव कल्याण, आत्मज्ञान, योग एवं श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर कार्यरत हैं।

शेखावत ने आश्रम में संतों एवं श्रद्धालुओं से भी भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय व्यतीत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री जोधपुर पहुंचे और हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना हो गए।

कम तेल, ईंधन बचत पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

जालोर के निकट रामसीन में भाजपा महिला मोर्चा ने ऊर्जा बचत, खाध तेल सीमित उपयोग पर जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बारह वर्ष स्वर्णिम वर्षों के कार्यक्रम के श्रृंखला में ईंधन संरक्षण,ऊर्जा बचत, खाद्य तेल के सीमित उपयोग के लेकर जनजागृति लाने के उद्देश्य से जालोर के रामसीन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड,भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.राखी राठौड, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल, जिला संयोजक,प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा अमरावती शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा जालोर के बैनर तले कार्यक्रम हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम जिला सह संयोजक विमला विश्नोई के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम ने बडी संख्या में माताओं बहनों ने भाग लिया कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण के साथ खाद्यान्न ने कम तेल का उपयोग करने के लेकर जानकारी दी गई महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर भी कम तेल के उपयोग कर खाना भी बनाया गया इस मौके पर इस कार्यक्रम के जिला सह संयोजक अंजना भट्ट,रामसिन मंडल अध्यक्ष छगन भाटी,नंदा रावल समेत विभिन्न महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुएं पर आग से कई पशु जिंदा जले

रेवदर, (निसं)। रेवदर क्षेत्र के अनादरा थाना अंतर्गत उडवारियां गांव में एक कृषि कुएं पर भीषण आग लगने से बडा नुकसान हो गया।

आग की चपेट में आने से मौके पर बंधी करीब आठ भैंसों के जलने की सूचना है, जबकि एक गाय और एक भैंस के झुलसने की भी जानकारी सामने आ रही है। दोपहर के समय कृषि कुएं के मालिक घर गए हुए थे। इसी दौरान आग भडक उठी और कुछ ही दूरी पर बंधे पशु इसकी चपेट में आ गए। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुएं से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। अनादरा थाना पुलिस ने हालात का जायजा लिया। ाशासक जेताराम ने पटवारी को भी घटना की सूचना दी।